प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 37 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 07 अ टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

सनातन धर्म विरोधी बयान प्रकाशित करने वाले समाचार पत्र पर कार्यवाही की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

सिवनी यशोः- शुक्रवार 0 6 अे टूबर को जिला ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में जिले के विभिन्न सनातनी धर्मावलंबियों व संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा जिले से प्रकाशित एक समाचार पत्र की सनातन विरोधी गतिविधियों के कारण, समाचार पत्र को प्रतिबंधित करने व उसके स पादक मंडल के विरु द्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर कले टर सिवनी, पुलिस अधीक्षक सिवनी, थाना कोतवाली व प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सूर्यकांत चतुर्वेदी ने जारी विज्ञप्ति में जानकारी देते हुये बताया गया है दिनाँक 03 अे टूबर 2023 को ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री के परम शिष्य, परम पूज्य धर्म सम्राट अनंत श्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराजश्री के सिवनी नगर में प्रथम आगमन पर विशाल धर्म सभा का आयोजन मठ मंदिर प्रांगण में किया गया था। इस कार्यक्रम में

सिवनी जिले के हज़ारों धर्मावलंबी स मिलत हुए थे।

मठ मंदिर प्रांगण के कार्यक्रम उपरांत दिनाँक 04 अे टूबर 2023 को जिले से प्रकाशित एक समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित अपने अंक में पूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराजश्री पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन से 5 लाख रुपये की राशि प्राप्त कर ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य जी के अपमान को भुलाने आदि के संबंध में निराधार मिथ्या आरोप लगाया गया था। पुनः दिनाँक 5 अे टूबर के अंक में पूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज श्री तथा सनातन धर्म की चतुष पीठ की मान्य परंपराओं के विरुद्ध अनर्गल बाते प्रकाशित कर सनातन धर्म को अपमानित करने का घृणित प्रयास किया गया।

उक्त समाचार पत्र के इस विषय में निराधार असत्य प्रकाशन से सनातन धर्मावलंबी आहत और उद्वेलित हैं।

ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि समाचार पत्र के संपादक मंडल ने ऐसे मिथ्या आरोप लगा कर सनातन संस्कृति के ध्वज वाहक हमारे पूज्य धर्म सम्राट अनंत श्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी को अपमानित करने व उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। जिससे समस्त सनातनी धर्मावलंबियों व गुरु भक्तों में आक्रोश व्याप्त है।

ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया कि अगर इस सन्दर्भ में तत्काल प्रभाव से कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो समस्त सनातन धर्मावलंबी उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी समस्त जि मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

इस दौरान ओम प्रकाश तिवारी (जिला अध्यक्ष, ब्राह्मण समाज), भुवनेश्वर शु ला (कार्यकारी जिला अध्यक्ष), प्रदीप तिवारी, शिव कुमार तिवारी, अजीत तिवारी, बाबा तिवारी, संजय भारद्वाज, विजय तिवारी, अनुराग त्रिपाठी,अशोक पांडे, पप्पू पांडे, भुवनभास्कर मिश्रा, ताराचंद मिश्रा, तारा चंद दुबे,संजय बघेल, श्री मंगल बघेल, मयूर दुबे, हेमराज संनोडिया, संतोष अवस्थी, अजय गर्ग, अखिल मिश्रा, अंकित मिश्रा, अभिषेक पाराशर, विनायक शर्मा, सुमित मिश्रा, उमंग शर्मा, प्रकाश शर्मा, प्रवीण कुमार भारद्वाज, सुरजीत सिंह, शुभम राजपूत (करणी सेना), शुभम सिंह, जय गुप्ता, यश प्रजापति, अंकित ठाकुर, दीवानजी गुप्ता, मुकेश सिंह ठाकुर, हेमंत ठाकुर, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रवीण सिंह, कपिल सिंह ठाकुर, जगत सिंह, प्रहलाद सिंह सहित बड़ी सं या में सनातन संस्थाओं के प्रतिनिधि गण व गुरू भक्तों की उपस्थिति उल्लेखनीय रहीं।

विधायक दिनेश राय मुनमुन के आतिथ्य मे हुए विभिन्न कार्यक्रम

सिवनी यशोः- शुक्रवार 06 अे टूबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के मु य आतिथ्य मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। प्रदेश के यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल से किये गये विकास कार्यो का प्रदेश स्तरीय वर्चुअल भूमिपूजन एवं लोकार्पण का जिला स्तरीय कार्यक्रम विधायक श्री राय के मु य आतिथ्य में लखनादौन के तहसील प्रांगण मे आयोजित किया। इस दौरान उपस्थि जनप्रतिनिधियों, आमजनों द्वारा मु यमंत्री जी के भूमिपूजन, लोकार्पण एवं उद्घोधन को देखा व सुना गया। इस अवसर पर श्रीमती मालती डहेरिया जी अध्यक्ष जिला पंचायत, दीपक निगम जी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लखनादौन, क्षितिज सिंघल जिला कले टर, राकेश कुमार सिंह जिला पुलिस अधीक्षक जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों व आमजनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

इसके पश्चात विधायक श्री राय ने मु य अतिथि के रुप मे सिवनी नगर मे स्थित शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित युवा उत्सव अंतर कक्षा महाविद्यालय स्तर/जिला स्तरीय आयोजन मे सहभागिता किया। जहां पर अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति द्वारा शाल, श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर आपका आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान महाविद्यालय मे विधायक श्री राय के करकमलों से क्रिकेट प्रॉ टस पिच, खेल मैदान, मंच, पुरुष प्रसाधन एवं उद्यान सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण डा रविशंकर नाग प्राचार्य, स्टाफ छात्र-छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।

इसके उपरांत विधायक दिनेश राय मुनमुन के मु य आतिथ्य मे सामाजिक न्याय विभाग द्वारा राशि लान में दिव्यांग जनों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम विधायक श्री राय ने मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विभागीय अधिकारियों द्वारा स्वागत बेला मे समस्त अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक श्री राय के करकमलों से दिव्यांग जनों को आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष, नरेन्द्र टांक, नरेन्द्र ठाकुर, अटल सिंह बघेल, घनश्याम बघेल, श्रीमती आराधना चौरसिया, नमन साहू, जेएस बघेल अधिकारी एवं सामाजिक न्याय विभाग के कर्मचारियों, दिव्यांग जनों, पालकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

पार्षदों ने कहा नपा ने ठेकेदार को किया मनमाना भुगतान समय पर नहीं हो रहा काम, कले टर को लिखा पत्र

सिवनी यशोः- दलसागर तालाब में हो रहे फ्रुट ओवर ब्रिज के कार्य में ठेकेदार को मनमानी राशि का भुगतान करने एवं काम भुगतान की अपेक्षा में कम होने पर नगर पालिका के पार्षद राजेश राजू यादव, विजय मिश्रा गोलू पंडित एवं संजय भलावी ने आपत्ति व्यक्त की है और इस मामले में भ्रष्टाचार किये जाने का आरोप लगाते हुये समय अवधि में ठेकेदार द्वारा काम नहीं करने की जाँच करने की मांग की है ।

उल्लेखित पार्षदों ने जिला कले टर को लिखे शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि दलसागर तालाब में निर्मित हो रहे फ्रुट ओवर ब्रिज का कार्य करने वाले ठेकेदार को नगर पालिका के वाऊचर नंबर 894 से 9788640 रूपये का भुगतान 29 अगस्त 2023 को कर दिया गया है जबकि ठेकेदार द्वारा वर्तमान में कुल काम का 40 प्रतिशत कार्य भी पूर्ण नहीं किया गया है । ठेकेदार को कार्य से अधिक भुगतान पर पार्षदों ने अनावश्यक उपकृत करने का आरोप लगाया है और इसे गंभीर किस्म का भ्रष्टाचार होने की बात कही गयी है ।

पार्षदों ने कहा कि इस कार्य की अवधि 06 माह थी जिसका समय पूर्ण होने में मात्र एक का समय शेष है परंतु आज दिनांक तक पचास प्रतिशत कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ है और निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण होना संभव नहीं है । पार्षदों का कहना है कि दलसागर तालाब शहर का प्राचीन तालाब है जहाँ अनेक धार्मिक कार्यों का विसर्जन भी होता है परंतु इस कार्य को करने वाली एजेंसी द्वारा जो हीला हवाली की जा रही है उससे शहर की जनता को परेशानी हो रही है ।

पार्षदों ने ठेकेदार को अधिक राशि का भुगतान करने एवं समयावधि में कार्य नहीं होने की जाँच की मांग की है ।

म. प्र. में सरस्वती शिशु मंदिर योजना के संस्थापक की जयंती पर समारोह

सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी ने निकाला विशाल पथ संचलन

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश में प्रथम सरस्वती शिशु मंदिर के संस्थापक श्रद्धेय रोशन लाल से सेना एवं गढ़मंडला की महारानी दुर्गावती की 500वी जयंती सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में आयोजित की गई। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी के भैया-बहनों ने घोष दल के साथ एक विशाल पथ संचलन नगर की सड़कों पर निकाला नगर में स्थान-स्थान पर पुष्प वर्षा द्वारा भैया-बहनों का अभिनंदन किया गया। संचलन के उपरांत मंचीय कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या भारती मध्य क्षेत्र के माननीय उपाध्यक्ष अरुण पटेवार ने की। जबकि मु य अतिथि विद्या भारती सिवनी जिला के माननीय जिला सचिव विनीत अग्रवाल रहे। इस अवसर पर विद्यालय व्यवस्थापक नितिन चौधरी भी मंचासीन रहे। अतिथि परिचय ओमप्रकाश यादव जी (प्राचार्य) ने दिया। अपने उद्बोधन में माननीय पटेवार जी ने महारानी दुर्गावती एवं रोशन लाल जी से सेना के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन व्यवस्थापक नितिन जी चौधरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की बौद्धिक प्रमुख श्रीमती कीर्ति ठाकुर दीदी ने किया। सिवनी नगर में निकले इस विशाल पथ संचलन में पुलिस शासन ने विशेष सहयोगी की भूमिका निभाते हुए आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी प्रकार सिवनी के पत्रकार बंधुओ ने भी स्वप्रेरणा से संपूर्ण आयोजन का कवरेज किया। संपूर्ण आयोजन की सफलता में वरिष्ठ आचार्य प्रमोद सोलंकी, प्रकाशचंद्र गुप्ता, कृष्णमुरारी दुबे, नरेन्द्र चौरसिया सहित संपूर्ण आचार्य परिवार का विशेष योगदान रहा।

CHANGE OF NAME

My self Deepali Rajput w/o Mr.Deepak Rajput age 30 year residence Maharana Pratap colony chhapara before marraige my name was miss Deepali vais d/o Brijmohan vais and now after marraige my name changed to mrsDeepali Rajput w/o mr.Deepak Rajput I want to be recognized by this name only.

Deepali Rajput
w/o Deepak Rajput
Maharana Pratap colony Chhapara distt -Seoni (M.P)

भव्यता से मनया जाएगा महाराज अग्रसेन का जन्मोत्सव

11 अ टूबर को ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ होंगे पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम

सिवनी यशोः-अग्रकुल प्रवर्तक

महाराज श्री अग्रसेन का जन्मोत्सव 15 अे टूबर को भव्यता के साथ सिवनी अग्रवाल समाज द्वारा मनाया जाएगा। पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ 11 अे टूबर बुधवार शाम 4 बजे जबलपुर रोड स्थित अग्रोहा धाम में महाराजश्री के ध्वज पताका फहराकर किया जाएगा। ध्वजारोहण श्री राधेश्याम अग्रवाल द्वारा किया जाएगा, इस दौरान अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारी, सदस्य, युवा समिति तथा सामाजिकजन मौजूद रहेंगे। शाम 7 बजे से कक्षा 4 से 8वीं तक के बच्चों के लिए मिमिक्री आफ, 10 वर्ष से अधिक उम्र आयु वर्ग में रिश्तों की डोर कार्यक्रम होगा।सांस्कृतिक कार्यक्रम में नागपुर के प्रसिद्ध डा. श्री वैभव अग्रवाल, श्रीमती सुरभि बंसल अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

होगी फैंसी ड्रेस जोड़ी प्रतियोगिता

सिवनी अग्रवाल समाज समिति के प्रवक्ता संजय अग्रवाल ने बताया कि 12 अे टूबर गुरूवार शाम 7 बजे से महिलाओं का ग्रुप डांस, कक्षा 4 से 7वीं के बच्चों के लिए जस्ट डांस, कक्षा 11वीं से ऊपर के युवक-युवतियों के लिए डांस व बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस जोड़ी प्रतियोगिता आयोजित होगी।कार्यक्रम में बिजली कंपनी सिवनी वृत्त के अधीक्षण अभियंता प्रद्यु न कुमार अग्रवाल अतिथि के तौर उपस्थित रहेंगे। 13 अे टूबर शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से आनंद मेला लगाया जाएगा। इसमें स्वादिष्ट व्यंजन व पकवान के स्टाल लगाए जाएंगे। शाम 4 बजे से कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर कौन बनेगा अग्रधनी प्रतियोगिता होगी। 10 वर्ष से अधिक उम्र के सभी इसमें भाग ले सकेंगे। शाम 5 बजे पार्सिग द पार्सल, महिला व पुरूषों के लिए यूजिकल चेयर गेम होगा। 14 अे टूबर शनिवार को सदाबहार गीतों पर आधारित श्री अग्रसेन अंताक्षरी प्रतियोगिता दोपहर 12 बजे से होगी। दोपहर 3 बजे से ` ले आर्ट गणेश जी, 4 बजे से मोर छड़ी सजाओ, 5 बजे से जायके का सफर, टाफी बुके प्रतियोगिता, ड्राइंग का पोटिशन रखी गई है। कार्यक्रम में नागपुर के प्रसिद्ध डा.संदीप अग्रवाल डा. श्रीमती सारिका अग्रवाल बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे।

वाहन रैली 15 अे टूबर को - महाराज श्री अग्रसेन के जन्मोत्सव पर 15 अे टूबर रविवार को सुबह 10 बजे से विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी, जो अतिथियों के साथ शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए लूघरवाड़ा अग्रोहा धाम पहुंचेगी। कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप में नागपुर के प्रसिद्ध डा. प्रकाश प्रहलाद राय खेतान एवं डा. अनूप जी गर्ग नागपुर उपस्थित रहेंगे। अग्रोहा धाम में आयोजित महाराजश्री अग्रसेन के पूजन व हवन में सामाजिकजन हिस्सा लेंगे। आरती पूजन के बाद मु य समारोह में अतिथियों का स्वागत, परिचय, उद्बोधन व पुरस्कार वितरण होगा।

35 वें दीक्षांत समारोह में ढालसिंह गौतम को मिली पी-एचडी की उपाधि

बरघाट यशोः- 05/10/2023 ढालसिंह गौतम शिक्षा जगत की उपाधि पी- एचडी विद्यावाचस्पति से स मानित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर मध्यप्रदेश के 35 वें दीक्षांत समारोह में ढालसिंह गौतम को मंगूभाई पटेल राज्यपाल मध्य प्रदेश शासन,ओ डॉ. मोहन यादव केबिनेट उच्च शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन और प्रो. कपिल देव मिश्र कुलपति , डॉ. दीपेश मिश्र कुलसचिव के कर कमलों से पी-एचडी की उपाधि से स मानित किया गया है । हिंदी विषय में शोध कार्य जिसका शीर्षक प्रेमचंद के कथा साहित्य में भारतीय समय और समाज का अनुशीलन प्रो. धीरेंद्र पाठक अध्यक्ष , हिंदी एवं भाषा विज्ञान विभाग एवं शोध संस्थान के निर्देशन और शोध निर्देशक डॉ. सविता मसीह सह-प्राध्यापक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के मार्गदर्शन-सानिध्य में संपन्न किया है । पूजनीय माताजी श्रीमती जैन गौतम, आदरणीय पिताजी जयसिंह गौतम , बड़े भ्राता रायसिंह गौतम , भाभी श्रीमती कांता गौतम का आपार आशीर्वाद और सहयोग प्राप्त हुआ है । शिक्षा जगत की उपलब्धि में आत्मीय जनों का सहृदय आभार व्यक्त है । वर्तमान में ढालसिंह गौतम राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में अतिथि विद्वान के पद पर हिंदी विभाग में पदस्थ हैं । महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य डॉ.



अजरा एजाज ने शुभकामना प्रेषित किया है । प्रो. सीताराम शर्मा अध्यक्ष , हिंदी विभाग का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है । डॉ. विजय कलमधार संयोजक , हिंदी विभाग का सहयोग प्राप्त हुआ है । हिंदी परिवार और हिंदी प्रेमियों ने शुभकामना प्रेषित की है ।

जबरन नॉलेज

सही बात कड़वी होती है
काका
हा हा हा....

15अ टूबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि पर्व की तैयारी शुरू

शारदीय नवरात्र को लेकर समितियो की तैयारी शुरू

छपारा यशोः- जगत जननी दुर्गा देवी का आगमन इस वर्ष 15अे टूबर से हो रहा है इस तरह शारदीय नवरात्रि पर्व का शुभारंभ हो रहा। इसी के चलते देवी मंदिरों में भी नवरात्रि पर्व की तैयारी शुरू ही गई रंग रोगन के साथ साफ सफाई पर पूर्ण ध्यान दिया जा रहा।

ज्ञात हो कि आगामी 15 अे टूबर से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होने जा रही है जिसे लेकर नगर के दुर्गा समितियां के पंडालों में नवरात्रि की तैयारियों को लेकर शुरुआत हो गई है नगर के शंकर मढिया,लोधी वार्ड,बस स्टैंड, झंडा चौक सहित नगर की सभी समितियों में नवरात्रि की रूपरेखा बनाई जाने हेतु बैठकों का दौर रात्रि में शुरू हो गया है और शारदीय नवरात्र को व्यवस्थित एवं धूमधाम से मनाने के लिए समितियों के सदस्य पंडालों में एकत्रित हो रहे हैं। ज्ञात हो कि नगर के अनेकों जगहों पर दुर्गा एवं काली पूजा समितियां का विधि-विधान से दुर्गा एवं काली प्रतिमाओं की स्थापना होती है जिसका पूरे वर्ष भर नवरात्र को लेकर नगर के सभी दुर्गा समितियां बेसब्री से इंतजार रहता है इस वर्ष भी सभी समितियों के सदस्यों में तैयारियां को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। जिसे लेकर युवाओं की टीम अभी से जुट गई है।

मां दुर्गा के भाव स्वरूप को सवारने में दिन रात से जुटे हुए कलाकार

वही शारदीय नवरात्र को लेकर



मूर्तिकार मां दुर्गा के भव्य स्वरूप को सवारने में दिन-रात से जुटे हुए हैं। इसके लिए मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमाओं को लगभग अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं वही कलाकारों ने बताया कि बढ़ती महँगाई की वजह से कच्चे समान की कीमत बढ़ने से प्रतिमा निर्माण में लागत में बढ़ने से मंहगाई का असर दिख रहा हैं।

ऊपर से भारी बारिश के चलते भी काफी परेशानी का सामना मूर्तिकार को करना पड़ा है बारिश की वजह से मिट्टी से निर्मित प्रतिमाएं जल्दी सूख नहीं पा रही है इस कारण डेंटिंग पेंटिंग के काम में भी देरी से हो रहे है। हालांकि अश्विन शु ल प्रतिपदा तक सभी प्रतिमाओं को पूर्णत-सवारने के लिए भरसक प्रयास किया जा रहा है।

'साक्षात् चण्डी का अवतार थीं रानी दुर्गावती'

कृष्णमुरारी त्रिपाठी अटल-

रानी दुर्गावती ने अपने शौर्य और पराक्रम से इस्लामिक आक्रान्ताओं का प्रतिकार करते हुए

> **नारी शक्ति के शौर्य और उसकी सामाजिक-राजनैतिक प्रतिष्ठा के मानक बिन्दुओं को आत्मसात करना है तो रानी दुर्गावती हैं उसका श्रेष्ठ उदाहरण**

उन्हें भारतीय नारी की शूरवीरता के समक्ष घुटने टेकने के लिए विवश कर दिया।

कालिंजर के कीर्तिसिंह चन्देल की पुत्री के रुप में पाँच अे टूबर 1524 ई. दुर्गाष्टमी की तिथि में जन्मी बेटी का नामकरण ही दुर्गावती किया गया। वे बाल्यकाल से ही बरछी, भाला, तलवार, धनुष, घुड़सवारी और तैराकी में अव्वल थीं। उनमें साहस-शौर्य, बुध्दि एवं कौशल से प्रवीण दुर्गावती में राष्ट्रगौरव, आत्मस मान, स्वाभिमान, अस्मिता तथा हिन्दू-समाज संस्कृति-पर पराओं के प्रति अनुराग कूट-कूट कर भरा हुआ था। अपनी युवावस्था के समय उनके पिता शेरशाह सूरी से युध्द करते-करते घायल हो गए थे इस कारण से उन्हें चिकित्सा के लिए महल में लाना पड़ा था। शेरशाह ने उचित अवसर जान किले पर आक्रमण के लिए घेराबन्दी कर दी, ऐसी स्थिति में प्रजा भयभीत एवं जौहर के लिए तैयार हो गई थी। किन्तु दुर्गावती ने अपने अद य साहस का परिचय देते हुए शेरशाह को कूटनीतिक सन्धि प्रस्ताव में उलझाए रखते हुए उसके विरुद्ध संघर्ष की पूरी तैयारी कर ली।

तत्पश्चात जब शेरशाह ने कायरतापूर्ण घात करने का प्रयत्न किया तो दुर्गावती ने उसका भरपूर जवाब दिया और बारूदी गोलों-आग से शेरशाह की अफगान सेना को परास्त कर दिया, तथा उसी हमले में बारूद के ढेर में शेरशाह सूरी के चीथड़े उड़ गए।सन् 1542 ई. में गोंडवाना साम्राज्य (गढ़ा मण्डला) के युवराज दलपतशाह से उनका विवाह 18 वर्ष की आयु में स पन्न हुआ। रानी की गोद में सन् 1544 ईस्वी में वीरनारायण के रुप में पुत्र ने किलकारियों की गूँज से मातृत्व को पुष्पित एवं पल्लवित किया।मगर काल की गति और विधि में कुछ और लिखा होने के कारण ग भीर बीमारी के चलते सन् 1548 में दलपतिशाह का देहावसान हो गया।

उस समय वे मात्र 24 वर्ष की थीं, जब रानी के जीवन में आया वैधव्य का संकट किसी महाप्रलय से कम नहीं था। लेकिन रानी ने महाराज दलपतिशाह के वचनों को निभाने के लिए वीरनारायण को सिंहासन पर आरूढ़ कर राज्य के कुशल संचालन का दायित्व अपने कन्धों में ले लिया।उनके राज्य में कुल 52 गढ़ थे, जिनकी प्रगति और उत्कर्ष के लिए वे प्रतिबध्द थीं। उस समय गोंडवाना (गढ़ा मण्डला) राज्ऱ्य का विस्तार उत्तर में नरसिंहपुर, दक्षिण में बस्?तर छत्?तीसगढ़, पूर्व में संभलपुर (उड़ीसा) एवं पश्चिम में वर्धा (महाराष्?ट्र) तक फैला था। रानी प्रजापलक, कुशल रणनीतिज्ञ, लोकप्रिय तथा प्रकृति प्रेमी थी। उनके राज्य में अपार समृद्धि के साथ सभी में स्नेह-समन्वय था। वे अपनी प्रजा के लिए राज्य में भ्रमण कर नीतियाँ बनाने के साथ उनके कार्यान्वयन में रत रही आई। उन्होंने अनेकों तालाब

-बाँधो का निर्माण करवाया। कृषकों के लिए उन्होंने भू-दान,धातुदान,पशुपालन के लिए प्रेरित किया तथा उनकी समृद्धि के लिए वे सभी प्रयास किए जो उनके लिए आवश्यक था।

वर्तमान मध्यप्रदेश की संस्कार एवं न्याय राजधानी के तौर पर प्रसिध्द जबलपुर के इस स्वरूप के पीछे रानी दुर्गावती की विचार दृष्टि ही है।

उन्होंने जबलपुर में रानी ताल, चेरी ताल, आधार ताल सहित कुल 52 तालाबों का निर्माण करवाया था। वे धर्मनीति के प्रति कितनी समर्पित थीं ,इसकी झलक उनके द्वारा निर्माण कराए गए अनेकों मंदिरों एवं धर्मशालाओं में स्पष्ट देखी जा सकती है। रानी दुर्गावती के राज्य में सुख-समृद्धि अपने चरमोत्कर्ष पर था, इसकी बानगी आईने-अकबरी में अबुल फजल द्वारा दर्ज की गई है- ÷दुर्गावती के शासन काल में गोंडवाना इतना समृद्ध था कि प्रजा लगान का भुगतान स्?वर्ण मुद्राओं और हाथियों के रुप में करती थी। ÷

दलपतशाह की मृत्योपरान्त मालवा के मांडलिक (शासक) बाजबहादुर ने उनका राज्य हड़पने के उद्देश्य से 1555 से 1560 के बीच गढ़ा मण्डला पर आक्रमण किया। मगर युध्द मैदान में वह रानी दुर्गावती के आगे कहीं नहीं टिक सका। रानी ने उसे युध्द भूमि में परास्त कर जान बचाकर भागने के लिए विवश कर दिया।

रानी के पराक्रम एवं उनके राज्य की समृद्धि के चर्चे सभी ओर याति प्राप्त करने लगे। इसके साथ ही उनका जीवन चुनौतियों से भरा हुआ था।निजी जीवन का कष्ट, प्रजापालन व राज्य के कुशल संचालन के साथ शत्रुओं की गिध्द दृष्टि भी उनके राज्य पर बनी हुई थी। वे दूरदर्शी और कूटनीति के साथ युध्द संचालन एवं रणनीति बनाने में पवीण थी। उनकी सेना में 20,000 घुड़सवार एक हजार हाथी दल के साथ-साथ बड़ी सं या में पैदल सेना थी। उन्होंने अपनी सहायिका रामचेरी के नेतृत्?व में 'नारी वाहिनी' का भी गठन किया था। भारतीय इतिहास में यह उनकी विचार दृष्टि -समता एवं नारी के शौर्य का अनुकरणीय उदाहरण है,जिसमें उन्होंने उसी भारतीय पर पराओं के मूल्य को ग्रहण किया जो धर्म-ग्रन्थों एवं पूर्व पर पराओं से प्राप्त थे।

रानी द्वारा बाजबहादुर को चारो खाने चित्त करने के बाद उस समय के ` रूस,बर्बर आतंकी अकबर ने रानी दुर्गावती के समक्ष उसकी आधीनता स्वीकार करते हुए उनके- प्रिय हाथी सरमन,सेनापति आधार सिंह को दरबार में भेजने का सन्देश भिजवाया। किन्तु रानी दुर्गावती ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर हिन्दू समाज की अस्मिता और स्वाभिमान की पताका को गर्वानुभूति के साथ फहराने दिया।

उन्होंने पराधीनता के स्थान पर वीरता को चुना,और युध्द के लिए निडरतापूर्वक तैयार हो गई।उनकी सेना की सं या अकबर के मुकाबले भले ही कम थी,किन्तु उनका आत्मतेज, त्याग-बलिदान, साहस उससे लाख गुना बड़ा था। रानी दुर्गावती की प्रतिक्रिया से खिसियाए अकबर ने आसफ खाँ को युध्द के लिए भेजा मगर रानी दुर्गावती ने युध्द मैदान में उसे धूल चटा दिया,अन्ततोगत्वा उसे अपने प्राण बचाकर भागना पड़ा। उसने 23 जून 1564 को अपनी स पूर्ण ताकत के साथ पुनश्च आक्रमण किया । जबलपुर के समीप नरई नाला के किनारे रानी ने प्रतिकार करते हुए ङ्क मुगल सेना के छक्के छुड़ा दिए।वे जिस ओर से जाती ऊपर केवल संहार नृत्य करता था। उनके भय से शत्रु सेना भयक्रान्त थी। उनके दोनों हाथों में लहराती खड्ग केवल मुगलों के रक्त से प्यास बुझा रही थी।

24 जून 1564 को जब वे वीरतापूर्वक युध्द मैदान में शत्रुओं का संहार कर रही थीं, उसी वक्त शत्रु का एक तीर उनकी भुजा में आ लगा।क्षण भर विचलित हुए बिना उन्होंने वह तीर निकाल फेंका,तभी दूसरा तीर उनकी आँख में आ लगा। इतनी मर्मान्तक पीड़ा के बाद भी उन्होंने उस तीर को निकालने का यत्न किया,मगर उसकी नोंक आँख में ही धँसी रह गई। अब रानी जब तक स हल पाती तब तक तीसरा तीर उनकी गर्दन में आ लगा। रानी ने इस विकट परिस्थिति को देखते हुए समीप ही युध्दरत सेनापति आधार सिंह से अपनी गर्दन काटने का आग्रह किया। किन्तु जब आधार सिंह असमंजस में पड़ गए,तब उन्होंने अपनी वीरगति के लिए कटार निकालकर अपना आत्मोत्सर्ग कर दिया। रानी दुर्गावती के बलिदान के पश्चात चौरागढ़ में दो महीने बाद असफ खान से हुए युद्ध में वीरनारायण ने युध्द का मोर्चा स हाला,किन्तु सेना के अभाव में उन्होंने भी वीरगति प्राप्त की।

रानी दुर्गावती का वह आत्मबलिदान भारतवर्ष की उस शक्ति का बलिदान था जिसके आत्मोत्सर्ग ने हिन्दुओं के रक्त के कण-कण में वीरता की नव चेतना प्रवाहित कर दी। उनकी आयु कोई अधिक नहीं थी, वीरगति प्राप्त करने तक वे केवल चालीस वर्ष की ही थीं। किन्तु उन्होंने मुगलों के प्रतिकार की जो ज्वाला सुलगाई उसकी चिंगारी नें रूरता के भी वक्ष को चीर डाला।

इस युध्द पर इतिहासकार विन्सेंट स्मिथ लिखते हैं कि ङ्क ÷दुर्गावती जैसी सत्-चरित्र और भली रानी पर हुआ अकबर का आक्रमण साम्राज्ऱ्यवादी व ऱ्यिय संगत नहीं था।

युध्द स्थल के समीप जबलपुर से कुछ ही किलोमीटर दूर बरेला गाँव में श्वेत पत्थरों से रानी दुर्गावती की समाधि बनी हुई है। यह समाधि उस वीराङ्गना की शौर्य-गाथा का जाज्वल्यमान अमर स्त भ है,जिसने अपने अभूतपूर्व साहस,त्याग,बलिदान का लोहा मनवाते हुए मुगलों को भारती नारी के उस स्वरूप से परिचित करवाया जिसे चण्डी कहते हैं।

रानी ने अपनी युध्द क्षमता व पारंगतता के माध्यम से इतिहास के पन्नों पर अमिट लकीर खींचते हुए देश-धर्म, प्रजा,स्वतन्त्रता के लिए किसी भी प्रकार की आधीनता को स्वीकार नहीं किया। बल्कि उन्होंने अपने शौर्य की टंकार और हुँकार से शत्रुओं को भयक्रान्त करते हुए मृत्यु की देवी का वरण कर स्वर्णाक्षरों से भारतीयता के गौरव नक्षत्र को सुशोभित किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 जुलाई 2023 को शहडोल में आयोजित एक कार्यक्रम में रानी दुर्गावती की 500वीं जन्म शताब्दी पूरे देश में भारत सरकार द्वारा मनाए जाने की घोषणा भी की थी। इसके साथ ही उन्होंने रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित फिल्म बनाने, चाँदी का सिक्का व पोस्टल स्टैंपजारी करने की भी घोषणा की थी। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी जबलपुर में 100 करोड़ रूपए की लागत से वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर भव्य स्मारक बनाने की बात कही है जिसका भूमिपूजन प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। इसके अलावा उनकी स्मृति में मप्र. के सबसे बड़े लाईओवर ब्रिज का भी नामकरण किया गया है।

साथ ही 1983 में जबलपुर विश्वविद्यालय का नामकरण भी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय किया गया और संग्रहालय का नाम भी उनके नाम पर किया गया । जहां 1988 में उनके स मान में भारत सरकार ने डाक टिकट जारी किया वहीं वर्ष 2018 में भारतीय तटरक्षक बल ने विशाखापट्टनम के अपने जिला मु यालय में %आईसीजीएस रानी दुर्गावती% नामक तीसरा तटवर्ती गश्ती पोत (आईपीवी) भी चालू किया।

यदि भारतीयता के मर्म को समझना है, नारी शक्ति के शौर्य और उसकी सामाजिक-राजनैतिक प्रतिष्ठा के मानक बिन्दुओं को आत्मसात करना है तो रानी दुर्गावती उसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। रानी दुर्गावती वीरता की परिभाषा- चेतना की पराकाष्ठा और सनातन हिन्दू संस्कृति की वेदोक्त ऋचाओं की शक्ति हैं,जिन्होंने दुर्गावती की अर्थवत्ता को भारतीयता की नस-नस में प्रवाहित कर दिया।

महाभारत से महर्षि व्यास ने हमारे पूरे जीवन के मूल्यों को समझाया है- पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी

ब्राजील के संविधान में आठ पेज संस्कृति पर हैं जबकि भारतीय संविधान में बस एक आर्टिकल - पूर्व आईएएस मनोज श्रीवास्तव

एनएलआईयू में दो दिवसीय %यंग थिंकर्स कॉन्- लेव% का समापन, देशभर के विद्वानों को 300 डेलीगेट्स ने सुना

भोपाल। महाभारत से महर्षि व्यास ने हमारे पूरे जीवन के मूल्यों को समझाया है। इसके माध्यम से उन्होंने बताया है जीवन में ऐसा समय भी आता है जब सारी मर्यादाएं टूट जाती है, तब` या होता है। यह विचार पद्मश्री से स मानित विद्वान डॉ. कपिल तिवारी ने यंग थिंकर्स कॉन्- लेव में कही। %भारत की ज्ञान परंपरा% पर कहा कि ज्ञान कभी किसी दौर में नया नहीं होता, वह सनातन है। इसलिए विवेकानंद कहते थे कि मेरी प्रशंसा मत करो, मेरे पास सिर्फ मीठी भाषा है, ज्ञान तो ऋषियों का है। कॉन्- लेव में दूसरे दिन देश के कई प्रमुख विद्वानों ने विभिन्न विषयों पर विमर्श किया।

डॉ . तिवारी ने रामायण और महाभारत के उदाहरणों से बताया कि जहां रामायण के राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, उन्के तनिक अनुसरण से ही जीवन धन्य हो जाता है। वहीं महाभारत एक महान गाथा है, जिसमें आपको श्री कृष्ण बताते हैं कि सत्य के अलावा कोई और प्रतिज्ञा की तो जीवन आपको बंदी बना लेगा।



%भारतीय व्यू ऑफ वर्ल्ड सिविलाइजेशन% विषय पर आयोजित परिचर्चा में पूर्व आईएएस एवं लेखक मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि ब्राजील के संविधान में आठ पेज संस्कृति पर हैं जबकि भारतीय संविधान में बस एक आर्टिकल है। इस विषय पर अमृतांशु पाण्डेय ने कहा कि मंदिर पर्यटन एक ऐसी चीज़ है जो लोगों को फिर से धर्म से जोड़ रहा है। हम चाहते हैं कि लोग मंदिर आएं लेकिन हम नहीं चाहते कि वे इसका आधुनिकीकरण करें। वहीं, राघव कृष्णा ने कहा कि भारतीय स यता में हम सभी शामिल हैं, यह किसी को पीछे नहीं छोड़ती। यह पूरी व्यवस्था विभिन्न सांस्कृतिक और भौगोलिक परिवर्तनों से बनी है। हमारे धर्म ने संस्कृति को सदैव ऊंचा स्थान दिया है।

कार्यक्रम के अंतिम दिन टैलेंट हंट में देश के अलगङ्कअलग कोने से चुनकर आए प्रतिभावान युवाओं ने अपनी प्रतिभा से युवाओं का दिल जीत लिया। समापन सत्र में वायटीएफ के निदेशक आशुतोष ठाकुर ने बताया कि कॉन्- लेव में लगभग सभी राज्यों के चुने हुए 300 डेलीगेट्स व कई कलाकारों हिस्सा लिया है। कॉन्- लेव का समापन राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष डॉ निशांत खरे के मु य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने इंटेलेक्चुअल लीडरशिप पर अपनी बात रखी। समापन समारोह में मु य वक्ता श्री रघुनंदन जी ने भी युवाओं को स बोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। आभार एनएलआईयू विश्वविद्यालय की डीन डॉ. राका आर्या ने व्यक्त किया।

इन विषयों पर किया परिसंवाद

कॉन्- लेव में प्रफुल्ल केतकर, स्वाति गोयल शर्मा, प्रखर श्रीवास्तव और रश्मि सावंत ने 'नैरेटिव और इकोसिस्टम' विषय पर विचार रखे। वहीं प्रो. राम शर्मा वोकइज्म' पर बात की। वहीं अमृतांशु पाण्डेय 'भारतीय दृष्टि में वैश्विक स यताओं% पर प्रकाश डाला। इसके अलावा 'दी भारतीय वे ≈ रीइमेजिनिंग लॉ, गवर्नेंस एंड इकोनॉमी' जैसे गंभीर एवं राष्ट्र हितैषी विषय पर राघव कृष्णा और मनोज श्रीवास्तव ने मंथन किया। पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी 'भारत की सनातन ज्ञान परंपरा' और नीरज अत्री, अलमोसो फी एवं रॉबर्टो रेसरियो 'फॉम डोगमा टू धर्म' की बात की।

बुलट बैलेट एंड ब्लड का विमोचन

कॉन्- लेव के आखिरी दिन %बुलट बैलेट एंड ब्लड% पुस्तक का विमोचन किया गया। इसे शिवम रघुवंशी और राहुल तिवारी ने लिखा है। यह पुस्तक पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की बात हुई हिंसा को सामने लाती है। शिवम ने बताया जितने क्राइम भारत के वेस्टर्न साइड में हो रहे हैं उतने ही पूर्वी क्षेत्र में भी हो रहे। लेकिन राष्ट्रीय मीडिया में ये नहीं आता। उन्होंने आठ महीने पश्चिम बंगाल के अलग-अलग जिलों में रहकर पुस्तक लिखी है।

भाजपा प्रत्याशी ध्रुव नारायण ने 30 करोड़ की लागत वाली सड़क का किया भूमिपूजन

भोपाल - गुरूवार को भाजपा मध्य विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ध्रुव नारायण सिंह ने किया 30 करोड़ की लागत से 6 किलोमीटर लंबा सीसी कॉन्क्रीट रोड़ का भूमिपूजन किया गया।

आज मध्य विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-48 में 30 करोड़ रुपये की लागत से 4 लेन 6 किलोमीटर लंबा 24 मीटर चौड़ा सीसी कॉन्क्रीट रोड सैतान सिंह मार्केट अहिल्याबाई चौराहे से प्रारंभ होकर मनीषा मार्केट, बंसल हॉस्पिटल, सी-से टर,बाबा नगर, कोलार सि स लेंन को जोड़ने वाली 30 करोड़ की लागत से बनने वाली फोर लेंन सीसी रोड़ का भूमिपूजन दिनाँक 05 अे टूबर 2023 को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ध्रुव नारायण सिंह के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।

इस भूमिपूजन के अवसर पर मध्य प्रदेश इले ट्रॉनिक निगम बोर्ड के अध्यक्ष शैतान सिंह पाल,पूर्व जिलाध्यक्ष विकास वीरानी,पूर्व भाजपा जिला महामंत्री एवं पूर्व पार्षद श्यामनारायण सिंह, भाजपा जिला मंत्री शक्ति दुबे,वार्ड-50 की पार्षद एम.आई.सी सदस्य सुषमा बवीसा, जोन 10 अध्यक्ष बाबुलाल यादव, वार्ड-48 पार्षद अरविंद वर्मा,वरिष्ठ नेता शिवनारायण शर्मा, भाजपा शाहपुरा मंडल अध्यक्ष उत्कर्ष नायक, बरखेड़ी मंडल अध्यक्ष हेमंत जोगी, अरेरा मंडल महामंत्री जसवंत राजपूत,अभिषेक पुरोहित, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पाल,युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि नाहर, एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सहित स्थानीय रहवासी उपस्थित रहें।

शिवाकांत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ विशेष स मेलन

छपारा नगर परिषद छपरा का विशेष स मेलन आज दिनांक 610 2023 दिन शुक्रवार को नगर परिषद भवन में आयोजित बैठक का आयोजन किया गया , जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत द्वितीय एवम तृतीय सूची में कुल 10862 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमे द्वितीय सूची में प्राप्त 450 आवेदनों में से 288 हितग्राही पात्र पाए गए , बाकी आवेदनों में विचार विमर्श करके निर्णय लिया जाएगा , जिन वार्डो में स्ट्रीट लाइट लगना है उन वार्डो में भी बैठक के दौरान सभी पर्षदो एवम सभापतियो , नगर परिषद के सी एम ओ की उपस्थितियों में निर्णय सहायक अभियंता को अवगत करा दिया गया है।

कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को बीमारू बनाया भाजपा ने विकास का अग्रणी राज्य बनाया - अनुराग सिंह ठाकुर

- केंद्रीय मंत्री ने कहा मध्यप्रदेश में फिर एक बार कमल का फूल खिलेगा, फिर बनेगी भाजपा सरकार

जबलपुर। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बनाया था, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने उस प्रदेश को बीमारू राज्य से निकालकर आज देश के उभरते हुए अग्रणी राज्य में लाकर खड़ा करने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी विकास कार्यों और नेतृत्व के दम पर फिर सत्ता में आने के बाद प्रदेश के विकास का यह क्रम जारी रखेगीं। मध्यप्रदेश में फिर एक बार कमल का फूल खिलेगा और फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। यह बात केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल तथा सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जबलपुर प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कही ।

अरविंद केजरीवाल का भ्रष्ट चेहरा उजागर हुआ

केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अगर देश को लूटने वालों के खिलाफ कार्रवाई होती है और जिनको यह ईमानदरी का प्रमाण पत्र दे रहे थे, वह आप सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन से लेकर मनीष सिसोदिया की कई महीनो से जेल में है। इनके पंजाब सरकार के स्वास्थ्य मंत्री से लेकर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री को भ्रष्टाचार के चलते इस्तीफे देने

पड़े। सत्येंद्र जैन 10 महीने जेल में रहे व अभी भी है और जेल से विभाग चला रहे है। ये आम आदमी पार्टी की ये कैसी राजनीति है ? उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार से अरविंद केजरीवाल का भ्रष्ट चेहरा उजागर हुआ है।

केजरीवाल कर रहे भ्रष्टाचारियों का बचाव

केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा की आप पार्टी के नेता संजय सिंह की गिर तारी पर मैं यही देख रहा हूं कि दिल्ली में जो भ्रष्ट सरकार आम आदमी की है। जिसके उप मु यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री से लेकर सांसदों तक जेल में हैं। जो कभी भ्रष्टाचार मिटाने का नारा देते थे, धरने पर बैठते थे। आज भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए धरने पर बैठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक बड़ा बदलाव आप देख रहे होंगे, ये आप पार्टी वाले कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठते थे। अब अरविंद के जरीवाल जी अपने भ्रष्ट साथियों को बचाने के लिए धरने पर बैठते हैं, यही बदलाव है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले केजरीवाल कहते थे इस कुर्सी में ही कोई खोट है, जो भी बैठते है वो भ्रष्टाचारी हो जाता है। अरविंद केजरीवाल ने वही सिद्ध किया है, आप सरकार ने भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार किया है।

''सिवनी ज बो सीताफल बायर-सेलर मीट का हुआ आयोजन

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा स्थानीय सीताफल उत्पादकों को अच्छा मूल्य दिलाए जाने एवं सिवनी में उत्पादित सिवनी जंबो सीताफल के क्रय-विक्रय एवं प्रचार-प्रसार हेतु विगत 4 अे टूबर 23 को जिले के छपारा विकासखंड के भूतबंधानी सीताफल लस्टर के खैरमटाकोल ग्राम में क्रेता-विक्रेता स मेलन (बायर-सेलर मीट) एवं सीताफल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त स मेलन में सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, विधायक दिनेश राय, जनपद अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े एवं सरपंच श्री अवधलाल मरकाम उपस्थित रहे द्य साथ ही बडी सं ?या में सीताफल के क्रेता-विक्रेता, कृषक, स्व-सहायता समूह सदस्य, सीताफल संग्राहक, उद्यमी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

सांसद डॉ. बिसेन ने उपस्थित क्रेता-विक्रेता/कृषक बंधुओ से क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से उत्पादित सीताफल की अधिक उपज प्राप्त करने के लिए जैविक खाद डाल कर नियमित कटाई-छटाई करने हेतु सलाह दी गई। इसी तरह विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उपस्थित क्रेता-विक्रेता /कृषकों को सीताफल की मंडी भूत बंधानी में लगाए जाने हेतु हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया एवं समझाईश दी गई कि भूत बंधानी का सीताफल गांव से ही बेचने का प्रयास करें।

सहायक संचालक उद्यानिकी डॉ. आशा उपवंशी-वासेवार द्वारा किसानों को उनकी फसल को ग्रैडिंग कर बेचने की समझाईश दी गई जिससे कि उनके उत्पाद का अधिक मूल्य प्राप्त हों। अभी तक जिले में सीताफल के 3 स्वह बनाए जाने एवं 03 प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित गई हैं की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित नागपुर से पधारे दिनशॉ फूड प्रा.लि.मि. के वाइस प्रेसीडेंट सुशील वर्मा के द्वारा किसानों को गुणवत्ता युं त सीताफल पल्प का उत्पादन करने की जानकारी से अवगत कराते हुए बताया गया कि यदि किसान/उद्यमी गुणवत्ता यूं त पल्प तैयार कर लेगे तो क पनी 50 मीट्रिक टन से भी अधिक सीताफल पल्प इसी साल से खरीदने तैयार है।

आयोजन में जनपद अध्यक्ष छपारा सदम बरकडे, सरपंच अवध लाल मरकाम, कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी के वैज्ञानिक डॉ. निखिल सिंह, उप वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह, लालचंद धुर्वे, सकल धुर्वे, दिनेश परते एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ लगभग 150 सीताफल उत्पादक/संग्राहकों तथा क्रेताओं की उपस्थिति रही।

उज्जवला एवं लाड़ली बहना योजना की पंजीकृत बहनों के खाते में मु यमंत्री चौहान करेंगे अनुदान राशि का अंतरण

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री उज्जवला योजना (PMUY) के एलपीजी गैस कने शनधारी उपभोक्ता एवं गैर पीएमयूवाय श्रेणी में मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत ऐसी पंजीकृत लाड़ली बहनों 450/- रू. में गैस सिलेण्डर रिफिल प्रदाय हेतु मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुक्रवार 06 अे टूबर को प्रातः 10.30 बजे कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से अनुदान राशि का अंतरण किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम जिले की समस्त गैस एजेंसियों में भी आयोजित होगा। कार्यक्रम में वेब कास्ट सर्विस के माध्यम से भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने व सुनने की व्यवस्था होगी।

16 लाख 83 हजार 790 मतदाता बढ़े, मध्यप्रदेश में 5 करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 हुई सामान्य मतदाताओं की सं या

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश में सामान्य मतदाताओं की सं या अब 5 करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 हो गई है। इसमें पुरुष मतदाताओं की सं या 2 करोड़ 88 लाख 25 हजार 607 है। महिला मतदाताओं की सं या 2 करोड़ 72 लाख 33 हजार 945 है। थर्ड जेंडर वोटर्स की सं या 1 हजार 373 है। प्रदेश में 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं की सं या 6 लाख 53 हजार 640 है, जबकि दिव्यांग मतदाता 5 लाख 5 हजार 146 हैं। मु य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि क्वायर (4 अे टूबर) को द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो गया है। श्री राजन ने निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों/ प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें अंतिम मतदाता सूची की 230 विधानसभा क्षेत्रों की सीडी उपलब्ध कराई।

श्री राजन ने कहा कि प्रदेश में कुल मतदान केंद्रों की सं या 64 हजार 523 है। आज प्रकाशित फोटो निर्वाचक नामावली की अंतिम सूची संबंधित मतदान केंद्र तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय और मु य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय की वेबसाइट www.eomadhyapradesh.nic.in पर भी देखी जा सकती है। 75 हजार 304 हैं सेवा मतदाताओं (सर्विस वोटर्स) की सं या प्रदेश में सेवा मतदाताओं की सं या 75 हजार 304 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की सं या 73 हजार 20 है, जबकि महिला मतदाताओं की सं या 2 हजार 284 है।

दो अगस्त से चार अ टूबर के बीच 24 लाख 33 हजार 965 मतदाताओं के नाम जोड़े गएः

दो अगस्त से चार अे टूबर के बीच प्रदेश में कुल 24 लाख 33 हजार 965 मतदाताओं के नाम जोड़े गए। 7 लाख 50 हजार 175 मतदाताओं के नाम सूची से निरसित किए गए। इस प्रकार प्रदेश में कुल 16 लाख 83 हजार 790 मतदाताओं की सं या में वृद्धि हुई है। 15 लाख 1 हजार 146 मतदाताओं के नाम, पता, उम्र, फोटो आदि विवरणों में संशोधन की कार्रवाई की गई है।

प्रदेश में आयुवार सामान्य मतदाताओं की सं याः

प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के 22 लाख 36 हजार 564, 20 से 29 वर्ष के 1 करोड़ 41 लाख 76 हजार 780, 30 से 39 वर्ष के 1 करोड़ 45 लाख 3 हजार 508, 40 से 49 वर्ष के 1 करोड़ 6 लाख 87 हजार 673, 50 से 59 वर्ष के 74 लाख 85 हजार 436, 60 से 69 वर्ष 43 लाख 45 हजार 64, 70 से 79 वर्ष के 19 लाख 72 हजार 260 और 80 वर्ष या इससेअधिक उम्र के 6 लाख 53 हजार 640 मतदाता हैं।

नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख के 10 दिन पहले तक नागरिक जुड़वा सकेंगे मतदाता सूची में अपना नाम

मु य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के उपरांत भी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकता हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख के 10 दिन पहले तक नागरिकों से मतदाता सूची से नाम जोड़ने के आवेदन लिए जा सकेंगे। निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर पात्र नागरिक अपना नाम वोटर लिस्ट में मतदाता के रूप में जुड़वा सकेंगे।

बैठक में अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह और श्रीमती रुचिका चौहान, भारतीय जनता पार्टी से श्री भगवान दास सबनानी, श्री एस.एस. उप्पल, इंडियन नेशनल कांग्रेस से जेपी धनोपिया, बहुजन समाज पार्टी से श्री सीएल गौतम, आम आदमी पार्टी से श्री सुमित सिंह चौहान, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट) से पीव्ही रामचंद्रन उपस्थित थे।

फोटो निर्वाचक नामावली का किया गया अंतिम प्रकाशन

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चनाप, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वंदना जात, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी सुश्री मेघा शर्मा, भारतीय जनता पार्टी से अजय डागोरिया, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से आजम दीवान, बहुजन समाज पार्टी से लाल सिंह नंदेरि, आम आदमी पार्टी से दुर्गेश विश्वकर्मा एवं कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी सहित अन्य स बंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को निर्वाचक नामावाली के अंतिम प्रकाशन की जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों से कहा कि यदि किसी कारणवश किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से छूट गया है तो तत्काल फार्म -6 भरकर नाम जुड़वाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने विधानसभा वार बनाए गए नवीन मतदान केन्द्रों की जानकारी से अवगत कराते हुए दलों के प्रतिनिधियों को फोटो रहित अंतिम मतदाता सूची एवं डीव्हीडी उपलब्ध कराई।

जिले में कुल 1074062 मतदाता एवं 1406 मतदान केन्द्र

फोटो निर्वाचक नामावली अंतिम संक्षिप्त पुनरीक्षण 4 अे टूबर 2023 की स्थिति में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 114 बरघाट में 121086 पुरुष, 122634 महिला एवं 03 अन्य इस प्रकार कुल 243723 मतदाता हैं एवं 310 मतदान केन्द्र हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-115 सिवनी में 138251 पुरुष, 136688 महिला एवं 06 अन्य इस प्रकार कुल 274945 मतदाता एवं 336 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 116 केवलारी में 131671 पुरुष, 128847 महिला एवं 03 अन्य इस प्रकार कुल 260521 मतदाता एवं 353 मतदान केन्द्र तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 117 लखनादौन में 149993 पुरुष, 147874 महिला एवं 06 अन्य है इस प्रकार कुल 294873 मतदाता एवं 407 मतदान केन्द्र हैं। इस प्रकार जिले में कुल 1074062 मतदाता एवं 1406 मतदान केन्द्र हैं। जिले में 18 से 19 वर्ष आयु के युवा मतदाता 49012, 20 से 29 वर्ष आयु के 266596 तथा 30 से 39 वर्ष आयु के 272734 मतदाता हैं। इसी तरह 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाता 10218 हैं।

रॉयल ईकोल के छात्रो ने स्वच्छता जागरूकता अभियान में की सहभागिता

सिवनी यशोः-स्वच्छता ही सेवा है द रॉयल इकोल में गांधी जयंती के अवसर पर जल शक्ति मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान में बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छता को एक जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों ने सिवनी बस स्टैंड परिसर में श्रमदान करके परिसर को स्वच्छ किया एवं नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों के इस अभियान से प्रभावित होकर उनकी प्रशंसा करते हुए बस स्टैंड परिसर के एक फल व्यापारी ने अपनी ओर से इस अभियान से जुड़े छात्रों के लिए सेवफल की एक पेटी पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। एक अन्य व्यापारी ने सभी छात्रों को अपनी ओर से चॉकलेट वितरण किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री रवीन्द्र कीर्तने ने छात्रों को *स्वच्छता अभियान* में सहभागिता के लिए बधाई दी।

बालाघाट को मु यमंत्री ने दी सात करोड़ की सौगात

बालाघाट में मेडीकल कालेज का किया भूमिपूजन

बालाघाट यशोः- मु यमंत्री ने दी बालाघाट नगर को 7 करोड़ की सौगात केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन के नेतृत्व में ओवरब्रिज, उच्च स्तरीय पुलिया, सड़क, भवन निर्माण सहित अनगिनत कार्यो से हो रहा आधारभूत विकास बालाघाट। बालाघाट नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर ने प्रेस को जनकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई परिभाषा स्थापित की है वहीं प्रदेश की शिवराज सरकार अपने खजाने से करोड़ों रूपये दे रही है। बालाघाट में केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन विकास कार्यो को पूर्ण कराने का दायित्व निभाकर जनता को सौगात और सहुलियत दे रहे है। भाजपा सरकार में विकास की गंगा बह रही है, करोड़ों के विकास कार्य प्रगतिपथ पर है जिसमें ओवरब्रिज, सड़क निर्माण, भवन, पुल-पुलिया, नाला-नाली निर्माण, सीसी रोड़ सहित अनगिनत कार्य है जिससे शहर में आधारभूत विकास कराया जा रहा है। बालाघाट नगरपालिका क्षेत्र में 2 करोड़ से अधिक लागत से कायाकल्प अभियान के द्वितीय चरण में लगभग 17 कार्य प्रारंभ होने जा रहे है, जबकि चतुर्थ चरण मु यमंत्री अधोसंरचना मद 5 करोड़ की राशि से आधा सैकड़ा के लगभग कार्यो को गति मिल रही है। विकास का यह सिलसिला गौरीभाऊ के सशक्त नेतृत्व तथा उनकी कार्यशैली की वजह से चल रहा है मेडिकल कॉलेज के लिये भूमिपूजन हाल ही में हुआ है जबकि 3 ओवरब्रिज सरेखा, गर्रा एवं भटेरा में बनने जा रहे है। जबकि महामृत्युंजय घाट से जागपुर के बीच वैनगंगा नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण होगा, विकास का यह क्रम जो चल पड़ा है वह निरंतर जारी रहेगा जिसमें आमजनों की समस्याएं दूर हो रही है और कई कार्य पूर्ण होकर जनता को नित नई सौगात मिल रही है।

नगरीय क्षेत्र में मु यमंत्री अधोसंरचना मद से होने वाले कार्य बालाघाट मेडीकल कॉलेज भूमिपूजन समारोह में पहुँचे मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत 7 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जिसमें नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा नगर के वार्ड क्र. 1 में प्रधानमंत्री आवास योजना एप्रोच सीसी रोड 400 मी. लागत 5307624 लाख, वार्ड क्र. 3 शांति नगर बेबी स्टार स्कूल संजय शु ला के मकान से श्रीवास्तव जी एवं राकेश गुप्ता के मकान से शुभम शिवाले के मकान तथा संतोष हाथिमारे के मकान से हरी मात्रे के मकान, हरी मात्रे के मकान , संतोष हाथिमारे के मकान से राजू कोले के मकान तक सीसी रोड निर्माण 280 तथा 55 मी. लागत 1554017 लाख, वार्ड क्रं. 3 छोटी मस्जिद के पास 100 मी. सीसी रोड लागत 500457 लाख, आरसीसी नाली निर्माण कार्य वार्ड क्र.3 राजिक भाई के मकान के सामने से 150 मी. लागत 561864, वार्ड क्र. 3 सीसी रोड निर्माण कादर भाई के मकान से मंजूर भाई एवं नफीस भाई के मकान तक 300 मी. लागत 1501476, वार्ड क्र.4 कन्हारटोला में सीसी रोड एवं बड़ा नाला निर्माण 25 एवं 200 मी. लागत 796012 लाख, वार्ड क्र. 5 सीसी रोड निर्माण अरूण

साखरकर के मकान के सामने से 70 मी. लागत 352517, वार्ड क्र. 5 बायपास रोड के पास जगदीश दहिकर के मकान से बसंत डहाके के मकान तक 90 मी. सीसी रोड लागत 467303 लाख, वार्ड क्र. 6 चित्रगुप्त भवन के सामने आरसीसी नाली निर्माण 100 मी. लागत 440642 लाख, वार्ड क्र. 7 फुले भवन के सामने नाली एवं वेयरिंग कोट 177 एवं 200 मी. लागत 1234069 लाख, वार्ड क्र. 8 इमाम भाई के मकान से फैमिदा के मकान तक सीसी रोड 100 मी. लागत 503595 लाख, वार्ड क्र.10 चांदि गली में आरसीसी नाली निर्माण 100 मी. लागत 379524 लाख, वार्ड क्र.10 विशाल तांडी के मकान के सामने से सीसी रोड, आरसीसी नाली निर्माण 100 एवं 150 मी. लागत 1044939 लाख, वार्ड क्र.10 घोड़े वाली गली में आरसीसी नाली 200 मी. 744553, वार्ड क्र. 10 तुलसीदास के मकान से सलीम भाई के मकान तक नाली एवं फुले जी के मकान के सामने से वेयरिंग कोट कार्य 200 एवं 90 मी. लागत 960445 लाख, वार्ड क्र. 11 डॉ. धुवारे गली में आरसीसी नाली 200 मी. लागत 744560 लाख, वार्ड क्र. 11 नाग मंदिर रोड साई संकल्प लॉन के पास राहंगडाले जी के मकान वाली गली में सीसी रोड कार्य 150 मी. लागत 705034 लाख, वार्ड क्र. 14 डॉ. अ बेडकर चौक से स्टेडियम के द्वितीय गेट तक आरसीसी नाली निर्माण 220 मी. लागत 1189343 लाख, वार्ड क्र. 14 फारेस्ट कालोनी बीटी रोड कार्य 250 मी. लागत 1170592 लाख, वार्ड क्र.18 डॉ. देवरस के मकान के पीछे सीसी रोड 100 मी. लागत 503595 लाख, वार्ड क्र. 17, 19 एवं 20 में कु हारी मोहल्ला वैद्य जी के मकान से चौरसिया पान सेंटर, प्लायवुड शॉप से वैद्य जी के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण 560 मी. लागत 1845504 लाख, वार्ड क्र. 21 सुदीप पान गली आरसीसी नाली निर्माण 300 मी. लागत 1089775 लाख, वार्ड क्र. 22 बास्केट बॉल एवं हॉकी ग्राउण्ड गली आरसीसी नाली निर्माण 250 मी. लागत 1596564 लाख, वार्ड क्र. 15 अहिंसा द्वार से अग्रवाल हॉटल तक आरसीसी नाली निर्माण 700 मी. लागत 2172081 लाख, वार्ड क्र.14 बस स्टैण्ड आरसीसी नाली 250 मी. लागत 1165797 लाख, वार्ड क्र. 24 में सुनील वासनिक के मकान के पास आरसीसी नाला निर्माण 50 मी. लागत 718967 लाख, वार्ड क्र. 25 पं. दीनदयाल गार्डन का सौंदर्यीकरण लागत 1261793 लाख, वार्ड क्र. 25 जैन मैडम के मकान से गुड्डू तिवारी के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण 160 मी. लागत 653476 लाख, वार्ड क्र.26 लिखन पटले के मकान से शु ला जी के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण 250 मी. लागत 992910 लाख, वार्ड क्र. 27 स्नेह नगर श्रीराम मिश्रा के मकान से सनराईज स्कूल तक एवं नवजीवन सुपर मार्केट से हेमंत अंधारे के मकान, गोंदिया रोड नाला आरसीसी नाली निर्माण 370 मी. लागत 1380615 लाख, वार्ड क्र.28 डॉ. राधाकृष्णन चौक से बीएसएनएल टेलीफोन ऐ सजेंच चाय दुकान तक आरसीसी नाली निर्माण 500 मी. लागत 1827275 लाख, वार्ड क्र.28 सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल से मामा साठे गली आरसीसी नाली निर्माण 250 मी. लागत 1066940 लाख, वार्ड क्र.31 लेखराम कावरे के मकान से दीपक सिंगारे के मकान तक सीसी रोड सह नाली निर्माण 250 एवं 150 मी. लागत 1675812 लाख तथा वार्ड क्र.32 सांई नगर क्षेत्र नहरटोला में सीसी रोड निर्माण कार्य 460 मी. लागत 2316141 लाख, वार्ड क्र. 33 मोक्षधाम गांधी नगर में सरिता बिसेन के मकान से संतोष समरिते के मकान तक एवं गुज्जर जी के मकान से भागर जी के मकान तक सीसी रोड सह नाली निर्माण 300 एवं 310 मी. लागत 2341127 लाख, वार्ड क्र. 10, 16 एवं 25 में 80 एमएम पेवर ब्लाक कार्य लागत 1667829 लाख, वार्ड क्र. 13, 14 एवं 28 में 100 एमएम पेवर ब्लाक कार्य बुढ़ी रेलवे क्रासिंग, बस स्टैंड इंट्री रोड न्यायालय के पास, गुरूद्वारा रोड लाला होटल के पास लागत 1107200 लाख, वार्ड क्र.4 अपोलो स्कूल के पास सीसी रोड 70 मी. लागत 365014 लाख, वार्ड क्र.04 शांति नगर जमाल खान के मकान से शरीफ भाई मिस्त्री के मकान तक आरसीसी नाली 200 मी. लागत 962302 लाख, वार्ड क्र.3 सुदर्शन कॉलोनी डॉ. अ बेडकर भवन शौचालय भवन निर्माण लागत 1386784 लाख, वार्ड क्र. 23 एवं 33 में गायखुरी घाट महामृत्युंजय घाट, सहस्त्रबाहु चौक में आरसीसी कार्य 60 एमएम पेवर ब्लाक कार्य लागत 1741861 लाख रूपये की लागत से कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा कुल राशि 499.98 लाख के निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रारंभ किये गये है।

कायाकल्प-2 में 209.61 लाख के कार्यो से नगर विकास बालाघाट शहरी क्षेत्र में कायाकल्प अभियान के द्वितीय चरण में सड़कों को चमकाने का कार्य प्रारंभ किया गया है जिसमें वार्ड क्र. 32 में कोतवाली के पीछे गर्ल्स होस्टल एवं हाउसिंग कॉलोनी दीनदयाल पुरम में बीटी एवं सीसी रोड़ 650 मीटर कार्य लागत 1980343 लाख, वार्ड क्र.33 संजीवनी ेलीनिक से टायर फैटरी-सहस्त्रबाहु चौक गायखुरी में बीटी सड़क 550 मी. लागत 1670877 लाख, वार्ड क्र.09 में डॉ. खान से बैहर रोड तक बीटी सड़क 180 मी. लागत 493565 लाख, वार्ड क्र.13 में आकाश गंगा चौक से गंगानगर रोड बीटी 800 मी. लागत 2193620 लाख, वार्ड क्र.11 एवं 12 में एडव्होकेट अंगारे के यहां से बिरसा मुंडा चौक तक बीटी सड़क 350 मी. लागत 959709 लाख, वार्ड क्र.10 संतोष यादव के मकान से संतोष चिले के मकान तक सीसी कार्य 350 मी. लागत 1077308 लाख, वार्ड क्र.31 पुरूषोतम पांचे के यहां से राजेश मदनकर के मकान तक एवं संजय मदन के मकान से अनिल पांचे के मकान तक सीसी कार्य 430 मी. लागत 1530568 लाख, वार्ड क्र.25 खंडूजा जी के मकान से डॉ. सुनेरी के मकान तक बीटी सड़क 300 मी. लागत 82608 लाख, वार्ड क्र. 25 मनीषा के मकान से सर्वोदय स्कूल तथा गोपाल किराना से परितमा के मकान तक बीटी कार्य 250 मी. लागत 685506 लाख, वार्ड क्र.03 चांदनी चौक रोड बीटी कार्य 200 मी. लागत 548405 लाख, वार्ड क्र.22 एमएलबी स्कूल रोड गोंदिया रोड से गौरवपथ मोतीनगर रोड बीटी कार्य 670 मी. लागत 2078804 लाख, वार्ड क्र.16 गुजरी मार्केट बीटी कार्य 400 मी. 1818144 लाख, वार्ड क्र. 12 एवं 14 में बुढ़ी रोड शराब दुकान के पास से समता भवन, जयस्तंभ रोड कबाड़ी रोड बीटी कार्य 550 मी. लागत 1508114 लाख, वार्ड क्र.19 एवं 21 में गोंदिया रोड नैसा शोरूप से झुलेलाल धर्मशाला, पुराना दैनिक भास्कर कार्यालय तक बीटी कार्य 450 मी. लागत 1233911 लाख, वार्ड क्र.32 सरस्वती नगर गौतम जी के मकान से राय जी के मकान तक बीटी कार्य 280 मी. 767767 लाख, वार्ड क्र.32 प्रभुत्तम नगर टेकाम जी के मकान से कानतोड़े जी के मकान तक सीसी कार्य 200 मी. 712860 लाख, वार्ड क्र.28 स्नेह नगर में ब्यूटी पार्लर से संतोषी माता मंदिर एवं गुप्ता जी के मकान तक सीसी कार्य 250 मी. लागत 888448 लाख रूपये। इस प्रकार कायाकल्प अभियान-2 के तहत नगरीय क्षेत्र में बीटी एवं सीसी कार्यो का क्रम जारी है जिसमें 209.61 लाख रूपये से विकास कार्य कराये जा रहे है।

पत्रकारिता कठिन परिश्रम और ज्ञान का सागर-मु यमंत्री

स्टेट मीडिया सेंटर के भूमिपूजन पर मण्डला से पहुंचे पत्रकार बंधु

मण्डला यशोः- स्टेट मीडिया सेंटर के भूमिपूजन पर मण्डला से पत्रकार बंधुओं का एक दल भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में स मिलत हुआ। सभी जिलों से पत्रकार बंधु कार्यक्रम में पहुंचे थे। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कार्यक्रम में पत्रकारों के हितैषी अनेक घोषणा की गई। जिसमें कहा गया कि छोटे समाचार पत्रों को एक माह छोड़कर विज्ञापन दिया जायेगा साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के पत्रकारों को स्थाई अधिमान्यता होगी। स्टेट मीडिया सेंटर के भूमिपूजन पर मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पत्रकारों में लिखने की हि मत,सुनने का संस्कार होना जरूरी।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्टेट मीडिया सेंटर की सौगात दी। उन्होंने मंगलवार को मालवीय नगर में स्टेट मीडिया सेंटर का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि पत्रकारों में लिखने की हि मत और सुनने का संस्कार होना चाहिए। पत्रकार लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है। पत्रकारिता कठिन परिश्रम और ज्ञान का सागर होती है। समाज की कुरीतियों को पत्रकारिता ने तोड़ा है। पत्रकारिता एक धर्म होता है। सीएम ने कहा कि हमने युद्ध में तपते पत्रकार देखे हैं। महामारी में जान पर खेल कर अपना धर्म निभाते पत्रकार देखे हैं। विपत्ति में जब लोग सुरक्षित स्थान खोजते है तब पत्रकार समाधान खोजते हैं। मु यमंत्री ने कहा कि आज मीडिया का स्वरूप बहुत बदल गया है। हमने आजादी की लड़ाई लड़ते पत्रकार देखे हैं। सीएम ने स्टेट मीडिया सेंटर को लेकर कहा कि यह सेंटर

पत्रकारिता के छात्रों के लिए गुरुकुल होगा। आप एक नए आंगन में प्रवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि स्टेट मीडिया सेंटर एक नया इतिहास रचेगा।

पांच महिला पत्रकारों को हर साल फैलोशिप दी जाएगी

मु यमंत्री ने कार्यक्रम में पत्रकारों के लिए घोषणाएं भी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 70 साल से अधिक की आयु वाले वरिष्ठ पत्रकारों को स्थायी अधिमान्यता कार्ड दिया जायेगा। मध्य प्रदेश में महिला विकास एवं कल्याण के कार्यों पर अध्ययन करने के लिए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय एवं संस्थान, जनस पर्क विभाग के सहयोग से प्रतिवर्ष 5 महिला पत्रकारों को फैलोशिप दी जाएगी। वहीं, छोटे अखबारों को भी एक महीना छोड़ कर विज्ञापन देने की मु यमंत्री ने घोषणा की।

66 हजार 981 वर्गफीट में बनेगा

स्टेट मीडिया सेंटर 66 हजार 981 वर्गफीट में बनेगा। इसमें ऐ जीविशन हॉल, ऑर्ट गैलरी, ऑडिटोरियम, प्रेस कॉन्फ्रेंस कक्ष, बेंक्वेट हॉल, बेडमिंटन कोर्ट, रेस्टोरेंट, लायब्रेरी, मल्टी मीडिया रूम, जि नेजियम, इण्डोर गेम हॉल, वर्क स्पेस बनेगा। मीडिया सेंटर में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोलर पैनल की सुविधा रहेगी।

मण्डला से पत्रकार हुए स मिलित

मण्डला से अधिमान्य पत्रकार राजेश शाह, रामकुमार चौरसिया सहित प्रफुल्ल मिश्रा, विदीप सिंह मरकाम, मुकेश श्रीवास, कमलेश मिश्रा, हरवंश ठाकुर, सीताराम यादव, दीपक रजक, दीपक जाट, फिरदोस खान, ममता चौरसिया, सुरेन्द्र श्रीवास, भुवनेश्वर केवट, पद्मुप सिंह भारत, शिव दोहरे, पवन राय, शारदा श्रीवास, राजेन्द्र बंजारा, मनोज यादव, संकटमोचन, प्रमोद धनगर, नीलेश ठाकुर, टीकाराम चौधरी, पूजा ज्योतिषी, राहुल सिसोदिया, सलीम खान, अमित चौरसिया, राजेश यादव आदि शामिल हुये।

नपा की गाड़ियाँ पी गई साठ लाख का डीजल

सिवनी यशो :- सिवनी नगर पालिका परिषद के पार्षदों ने मु य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर परिषद में डीजल की मनमानी खपत एवं भुगतान पर संदेह व्यक्त करते हुये जानकारी मांगी है ।

नगर पालिका सिवनी के पार्षद राजेश राजू यादव, विजय मिश्रा गोलू पंडित, एवं संजय भलावी ने नगर पालिका परिषद द्वार 06 माह के अंदर साठ लाख रूपये के डीजल भुगतान पर आपत्ति व्यक्त करते हुये खपत से संबंधित विस्तृत विवरण की मांग की है । पार्षदों ने सीएमओं को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि व्हाउचर क्रमांक 39, 105,188, 259, 361, 532,634, 844, 959 के माध्यम से नगर पालिका द्वारा 5952752 रूपये (उनसठ लाख बावन हजार सात सौ बावन रूपये) का भुगतान किया गया है ।

पार्षदों ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि किस वाहन में कितना डीजल डाला गया है ? वाहन कितने किलोमीटर चले ? जानकारी प्रदान करने की मांग की है । उक्त पत्र के माध्यम से यह भी कहा गया है कि नपा के अनेक वाहनों के माइलो मीटर बंद है परिषद द्वारा वाहनो को प्रत्येक दिन डीजल आबंटित किया जाता है जो नियम विरूद्ध है । डीजल पंप से जाकर डलवाया जाना चाहिये और क्रय वाऊचर बनवाना चाहिये परंतु परिषद नियमानुसार कार्य नहीं कर रही है । पार्षदों ने इस बात पर आपत्ति प्रगट की है कि परिषद द्वारा पार्षदों के पत्रों का जबाव नहीं देते ।

शासकीय मेडिकल कॉलेज का नाम राजा हृदय शाह रखे जाने पर कांग्रेस ने किया विरोध

मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन स्थल के समीप कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

मंडला यशोः- गढ़ मंडला के राजा

हृदय शाह के नाम से स्थापित होने जा रहे मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन कार्यक्रम के पहले रास्ता रोक कर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया, कांग्रेस चाहती है कि मेडिकल कॉलेज का नाम कांग्रेस पार्टी के गांधी परिवार के विशेष व्यक्ति के नाम पर रखा जाए, लेकिन भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट कहना है कि मंडला जिले में स्थापित होने वाले संस्थानों का नाम अब गोंड साम्राज्य के महापुरुषों और अमर शहीदों के नाम पर रखे जायेंगे, भाजपा के पूर्व विधायक शिवराज शाह शिवा भैया ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कांग्रेस मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर जिस तरह का विरोध प्रदर्शन किया इससे इनकी गोंड साम्राज्य के महापुरुषों की विरोध वाली मानसिकता उजागर हो गई। जनजाति समाज के महापुरुषों का तथा मंडला विकास कार्यों का विरोध करने पर जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी, उन्होंने कहा कि इसके पूर्व प्रदेश की भाजपा सरकार मुखिया मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने छिंदवाड़ा में मेडिकल कॉलेज राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह के नाम से स्थापित किया किया है, उन्होंने कहा निकट भविष्य में मंडला में कृषि महाविद्यालय, वेटरनरी महाविद्यालय, विधि महाविद्यालय का नाम भी महापुरुषों और अमर बलिदानियों के नाम पर रखा जाएगा, कांग्रेस कितना भी विरोध कर ले नेहरू, गांधी परिवार के नाम से किसी भी संस्थान का नाम मंडला मे नही रखने देंगे।

मंडला सांसद केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने मेडिकल कॉलेज की भूमि पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्पष्ट कहा कि मंडला में राजा हृदय शाह के नाम से ही शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थापित होगा मु यमंत्री श्री चौहान ने इस नाम की विधिवत घोषणा मंडला में आयोजित कार्यक्रमों में कर चुके हैं।श्री शाह ने कहा कांग्रेस के विधायक मेडिकल कालेज की स्वीकृति को लेकर जिस पत्र का जिक्र कर रहे थे वो सिर्फ विरोध का बहाना है, हकीकत तो ये है जनजाति समाज के गौरव महापुरषों इतिहास संस्कृति स यता ओर क्षेत्र के विकास का विरोध कर जनजाति समाज को गुमराह करना है अपने नेता सहित गांधी परिवार को खुस करने की सिर्फ कोशिश है।

ब्राडगेज संघर्ष समिति ने शहडोल नागपुर ट्रेन का किया स्वागत

सिवनी यशोः- शहडोल से सिवनी नागपुर नई ट्रेन प्रार भ होने पर हमारे नेता पूर्व मु यमंत्री एवं म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ राष्ट्रीय अध्यक्ष एड.अनुप सिंह बैस ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिती बालाघाट एवं

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना के निर्देश अनुसार शहडोल से सिवनी पंहुच रही यात्री ट्रेन रात्रि 8 बजे सिवनी रेल्वे स्टेशन पंहुचने पर ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार सहित समिति के पदधिकारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ के जयघोष के नारो के साथ शहडोल से नागपुर चलने वाली ट्रेन के प्रथम सिवनी आगमन पर पुष्प वर्षाकर ढोल बाजे के साथ ट्रेन के लोको पायलेट सहित सभी कर्मचारी, अधिकारियो का भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विष्णु करोसिया, डा.बसंत राय, डालचंद बर्वे, राजिक अकील, गेन्दलाल भलावी, धुवनारायण चैधरी, सीता निखारे, मदन से सेना, निंमल निखारे, राजा मुबीन, नंदलाल नन्दू यादव, सुजीत गोदरे, टिकेन्द्र देशमुख, नितिन बघेले, एड. मिर्जा फैसल बेग, रहीम शाह, आशु खान, मोहशीन खान, वसीम रोयल, अजय पेशवानी, मुकेश बघेल,संजय जैन, शहिद खान, समीर खान, राजा यादव बडी सं या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

249.63 करोड़ की लागत से बनेगा चिकित्सा महाविद्यालय

मु यमंत्री चौहान ने वर्चुअल भूमिपूजन किया

मण्डला यशोः- 249.63 करोड़ की लागत से बनने वाले चिकित्सा

महाविद्यालय का मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल भूमिपूजन किया। ग्राम आमानाला में आयोजित इस कार्यक्रम में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक देवसिंह सैयाम, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व राज्यसभा सांसद संपतिया उईके, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, संदीप सिंह एवं शिव पूषाम, पूर्व विधायक डॉ. शिवराज शाह एवं रामप्यारे कुलस्ते, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, भीष्म द्विवेदी, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी सं या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअली संबोधित करते हुए मंडला को चिकित्सा महाविद्यालय की सौगात मिलने पर जिलेवासियों को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ किए जा रहे हैं।

संचालित चिकित्सा महाविद्यालयों में संकाय बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेडीकल कॉलेज की स्थापना होने से जिले की स्वास्थ्य सुविधाएं और बेहतर होंगी। मेडीकल कॉलेज के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण होने पर इसका विस्तार भी किया जाएगा। श्री कुलस्ते ने निर्माण एजेंसी को निर्धारित समयावधि में बेहतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक देवसिंह सैयाम ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार सुधार हो रहा है। मेडीकल कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर बनेंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व राज्यसभा सांसद संपतिया उईके, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा एवं भीष्म द्विवेदी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए जिले में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी।

प्रदेश के विकास और बेहतरी के लिये भाजपा की डबल इंजन की सरकारी आवश्यक - श्रीकांत

सिवनी यशोः- जिस देश मे नेतृत्व, नीति और नीयत सही हो वह देश निरंतर ऊन्नति की ओर बढता है । भाजपा की विचारधारा इसी मूलमंत्र पर आधारित है और इसी के अनूरूप भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। विकास, सुशासन, जनकल्याण के साथ ही देश को परमवैभव के शिखर पर ले जाना ही हमारा लक्ष्य है। जहां एक ओर प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने 19 वर्षों के शासन में बीमारू मध्य प्रदेश को विकासशील प्रदेश के रूप में परिवर्तित करने में सफलता पाई है वहीं प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत विश्व महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

उक्तांश्य की बात भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल द्वारा कही गई। श्री अग्रवाल ने कहा कि, प्रदेश आज चहुंमुखी विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आने वाले पांच साल मध्यप्रदेश के लिए बहुत अहम हैं। प्रदेश में विकास की र तार को बनाए रखने के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकार का होना जरूरी है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि, भाजपा ने समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य किया है। भाजपा सरकार ने छोटे किसानों की चिंता की है। प्रधानमंत्री किसान स मान निधि योजना के अंतर्गत प्रत्येक किसान के खाते में अब तक 28 हजार रुपये दिये जा चुके हैं। देश में 2.5 करोड़ किसान मोटा अनाज उगाते हैं। केन्द्र सरकार ने किसानों को नई पहचान दी और इनके उगाए गए श्रीअन्न को सरकार सारी दुनिया में ले जा रही है। हमारे बीच में धोबी, कु हार, सुतार, लुहार, बाल काटने वाले और न जाने ऐसे कितने लोग काम करते हैं, जिनके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। विकास की दौड़ में ये विश्वकर्मा कहीं पिछड़ गए थे। केंद्र सरकार ने इन्हें आगे लाने का अभियान शुरू किया और पीएम विश्वकर्मा योजना लांच की। सरकार इन्हें प्रशिक्षण भी देगी और अपना धंधा शुरू करने के लिए ऋण भी उपलब्ध कराएगी,जिसकी गारंटी भी केंद्र सरकार देगी ।

सिवनी को मिली मेडीकल की सौगात

श्री अग्रवाल ने कहा कि, आज सिवनी जिले में भी मेडिकल कालेज की सौगात मिली है। केंद्र और राज्य में जब समान सोच वाली विकास को समर्पित सरकारें होती हैं, तो काम होते हैं। भाजपा सरकार ने सरकार बीमारू मध्यप्रदेश को टॉप-10 राज्यों में लेकर आई है।और अगला लक्ष्य मध्यप्रदेश को टॉप-3 राज्यों में लाना है। लेकिन झूठ की नींव पर वादों की इमारत का ढ़ांसा देने मे महारथी विकास विरोधी विपक्षी, जिनके पास विकास की कोई सोच और रोडमैप नहीं है, वे प्रदेश का विकास नहीं कर सकते। ऐसे समय में जब भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश को आगे बढ़ा रही है, ये उसे पीछे ले

भाजपा ने समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य किया

जाने की सोच रखते हैं। इसलिए इन पर भरोसा करना स्वयं को धोखा देने है।

विरोधियों ने की नफरत की राजनीति

श्री अग्रवाल ने कहा कि, विकास विरोधियों का एक ही काम है, उन्हें देश की प्रगति से नफरत है। भारत की योजनाओं से नफरत है। ये देश की उपलब्धियों को भूल जाते हैं। आज सारी दुनिया भारत का गौरवगान कर रही है, दुनिया में देश का डंका बज रहा है, जिन्हें कुर्सी के सिवा कुछ नहीं दिखता, उन्हें ये अच्छा नहीं लगता। पिछले 9 सालों में मोदी सरकार ने भारत को 10 वीं से दुनिया की 5 वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया, लेकिन ये इसे गलत साबित करने की कोशिश में लगे हैं। जबकि मोदी जी के नेतृत्व में आने वाले सालों में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। लेकिन इससे भी विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है।

कांग्रेस ने समाज को बांटने का काम किया

श्री अग्रवाल ने कहा कि, इन विकास विरोधियों को देश ने 60 साल दिये। इन 60 सालों में कितना विकास हो सकता था? इनके पास भी मौका था, लेकिन इन्होंने नहीं किया। ये उस समय भी गरीबों की भावनाओं से खेलते रहे, जात-पांत के नाम पर समाज को बांटते रहे और आज भी यही कर रहे हैं। ये उस समय भी आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे रहते थे, आज भी यही कर रहे हैं। ये उस दौरान भी एक ही परिवार के गौरवगान में लगे रहे और आज भी वही कर रहे हैं। इसीलिए इन्हें देश का गौरवगान पसंद नहीं आता। श्री अग्रवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर दिये हैं, जिनमें से मध्यप्रदेश के लोगों को भी लाखों घर मिले हैं। जब इनकी सरकार थी, तो गरीबों के नाम पर लूटपाट होती थी। जो घर गरीबों को मिलते थे, वो रहने लायक नहीं होते थे। लेकिन आज लाखों परिवार खुशी-खुशी गृह प्रवेश कर रहे हैं,` योंकि ये घर ये खुद बना रहे हैं। पहले घर के नाम पर सिर्फ चारदीवारी खड़ी कर दी जाती थी, लेकिन आज घर में टॉयलेट, बिजली, नल और उज्जवला योजना का सिलेंडर सब एक साथ मिलते हैं।

भाजपा ने नारी शक्ति को दिया स मान

श्री अग्रवाल ने कहा कि, भाजपा के लिए, लिए नारी सशक्तीकरण कोई वोट बैंक का हथकंडा नहीं, बल्कि राष्ट्र कल्याण का एक मिशन है। इन लोगों ने महिला आरक्षण के झूठे वादे करके वोट लिए और साजिशें रचकर संसद में उस कानून को पास नहीं होने दिया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम अब कानून बन चुका है। आज लोग भी मानने लगें हैं कि, मोदी की गारंटी हर गारंटी के पूरे होने की गारंटी है

कांग्रेस ने अन्याय और अत्याचार किया विकास नहीं

श्री अग्रवाल ने कहा कि, प्रदेश में लंबे समय तक कांग्रेस सत्ता में रही। उनकी सरकार में अन्याय और अत्याचार का बोलबाला था। सामाजिक न्याय हाशिए पर चला गया था और कमजोर तथा पिछड़ों की सुनवाई नहीं होती थी। कानून व्यवस्था की हालत खराब थी और आम लोगों का जीना मुश्किल हो गया था। आज यहां स्कूल-कॉलेज, हाईवे, रेलवे ट्रैक बन रहे हैं, एयरपोर्ट का विस्तार हो रहा है। क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। पहले यहां 2 लेन रोड नहीं थी, लेकिन आज 8 लेन के ऐ सपेस वे बन रहे हैं। जहां इन्फ्रास्ट्रक्चर और लॉ एंड ऑर्डर हो, वहां हर तरह के कारोबार फलते-फूलते हैं। लेकिन जहां विकास विरोधियों की सरकार आती है, वहां ये दोनों सिस्टम चरमरा जाते हैं। विकास विरोधी जहां जाते हैं, वहां तुष्टिकरण साथ जाता हैं और गुंडे, अपराधी, दंगाई बेलगाम हो जाते हैं। महिलाओं, दलितों और पिछड़ों पर अत्याचार होते हैं।

भारत की रक्षा में अग्रणी है भाजपा

श्री अग्रवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। किसी दुश्मन की हि मत नहीं है कि भारत माता की तरफ आंख उठा कर देख ले। एक समय था कि, पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी ने कहा था कि अन्न के संकट के कारण सप्ताह में एक दिन व्रत रखो, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में आज देश के अन्न के भंडार भरे हैं और मध्यप्रदेश के किसानों ने तो ऐसा चमत्कार किया है कि 2003-04 तक 159 लाख मीट्रिक टन अन्न का उत्पादन था, आज अन्न का उत्पादन 619 लाख मीट्रिक टन हो गया है।

प्रदेश के 38 लाख गरीबो को मिले मकान

श्री अग्रवाल ने कहा कि, प्रदेश के लोगों को 38 लाख मकान बनकर दिए गए। जिनके पास रहने की जमीन का टुकड़ा नहीं था, उन्हें पट्टा देकर जमीन का मालिक बनाने का कार्य चल रहा है। प्रधानमंत्री जी ने गरीबों के लिए मकान दिए थे, कमलनाथ ने वापस कर दिए,` योंकि राज्य सरकार का शेयर न देना पड़ो यही नहीं श्री कमलनाथ ने जल जीवन मिशन योजना पर ताला डालने का काम किया था। आज भाजपा सरकार ने प्रदेश के 65 लाख घरो में नल कनै शन उपलब्ध करने का कार्य किया है।

रेत का अवैध परिवहन करता ट्रे टर जब्त

मण्डला यशोः- कले टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डरण के विरूद्ध सतत् रूप से कार्यवाही करते हुए 3 अे टूबर को थाना महाराजपुर अंतर्गत पौंड़ी महाराजपुर मार्ग पर एक वाहन ट्रे टर इंजन क्रमांक ई 3661810 खनिज रेत के अवैध परिवहन की गतिविधि में संलिप्त पाए जाने के कारण खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। जब्त वाहन को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना महाराजपुर की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूद्ध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कले टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

समर्थन मूल्य पर धान एवं अन्य जींसो का पंजीयन 15 तक

सिवनी यशोः- प्रमुख सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण ने जानकारी दी है कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के लिए किसान पंजीयन की निर्धारित दिनांक 5 अे टूबर को बढ़ा दिया गया है। पंजीयन की अवधिको 15 अे टूबर कर दिया गया है। धान, ज्वार एवं बाजरा उत्पादक किसान, समर्थन मूल्य योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीयन 15 अे टूबर तक करा सकते है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297